**श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली**
**(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)**
**बी-4 कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110016**

क्रमांक एफ-03/100/ला.ब.शा.रा.सं.वि./2025-26 /989 दिनांक 08.07.2025

प्रवेश सूचना (Non-CUET 2025-26) -II

विषयः शैक्षणिक सत्र 2025-26 में प्रवेश के सम्बन्ध में।

श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2025-26 हेतु **NON-CUET (शास्त्री, बी.ए. (योग) एवं आचार्य)** पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु विश्विद्यालय द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा में उत्तीर्ण (ELIGIBLE) अभ्यर्थियों को शैक्षणिक नियम परिचायिका 2025-26 में प्रदत्त प्रावधानों के अनुसार उक्त पाठ्यक्रमों में प्रवेश अर्हता परीक्षा के लब्धांक की वरीयता सूची के आधार पर निर्धारित स्थानों के अनुसार साक्षात्कार के माध्यम से संबंधित विभाग की प्रवेश समिति की अनुशंसा के आधार पर प्रवेश प्रदान किया जाएगा। प्रवेश समिति द्वारा शैक्षणिक नियम परिचायिका में प्रदत्त प्रावधानों का पालन करना अनिवार्य है। निम्नलिखित विवरण के अनुसार ऑफलाईन माध्यम से साक्षात्कार/काउंसलिंग का आयोजन किया जायेगा।

| क्र०सं० | सम्बन्धित पीठ (विषय) | समय एवं तिथि | स्थल |
|---|---|---|---|
| 1 | साहित्य एवं संस्कृति पीठ (साहित्य, प्राकृत) | 14.07.2025 से 16.07.2025 (प्रातः 10:30 बजे से 04:30) | शैक्षणिक सदनम पीठ प्रमुख कार्यालय |
| 2 | दर्शनशास्त्र पीठ | 14.07.2025 से 16.07.2025 (प्रातः 10:30 बजे से 04:30) | शैक्षणिक सदनम् प्रथम तल, पीठ प्रमुख कार्यालय |
| 3 | वेदवेदांग पीठ- | 14.07.2025 से 16.07.2025 (प्रातः 10:30 बजे से 04:30) | स्वर्णजयन्तीसदनम्, प्रथम तल, पीठ प्रमुख कार्यालय |
| 4 | आधुनिक विषय पीठ | 14.07.2025 से 16.07.2025 (प्रातः 10:30 बजे से 04:30) | सारस्वतसाधनासदनम् प्रथम तल, पीठ प्रमुख कार्यालय |
| 5 | पुराणविद्यापीठ-पुराणेतिहास | 14.07.2025 से 16.07.2025 (प्रातः 10:30 बजे से 04:30) | सारस्वतसाधनासदनम् तृतीय तल, पीठ प्रमुख कार्यालय |

प्रवेश हेतु अभ्यर्थी सम्बन्धित प्रवेश समिति के समक्ष ऑफलाईन माध्यम से अपने मूल दस्तावेजों तथा उनको स्वयं सत्यापित प्रतिलिपियों के साथ उपस्थित होंगे। प्रवेश समिति की अनुशंसा के उपरांत ऑनलाइन माध्यम से प्रवेश शुल्क जमा किया जायेगा। अस्पष्ट प्रमाण पत्रों की स्थिति में अस्थाई प्रवेश पर विचार नहीं किया जायेगा। निम्नलिखित मूल-प्रमाण पत्र को अपने साथ लेकर आना अनिवार्य होगा।

प्रमाण पत्रों की सूची-

1. पूर्व उत्तीर्ण परीक्षाओं को उत्तीर्णता के विषय में विश्वविद्यालय अथवा मान्यता प्राप्त संस्था से प्राप्त मूल प्रमाण पत्र।
2. मूल जन्मतिथि प्रमाण पत्र (मैट्रिक या तत्समकक्ष परीक्षा का प्रमाण-पत्र)
3. निष्क्रमण प्रमाण-पत्र
4. मूल चरित्र प्रमाण पत्र।
5. आरक्षण सम्बन्धी प्रमाण पत्र।
6. आधार कार्ड की प्रतिलिपि।
7. ए.बी.सी. आई-डी.
8. स्वास्थ्य प्रमाण पत्र (केवल बी.ए. (योग) पाठ्यक्रम हेतु)

नोटः प्रवेश हेतु विस्तृत विवरण तथा शैक्षणिक नियम परिचायिका विश्वविद्यालय की वेबसाईट (slbsrsv.ac.in) पर उपलब्ध है। जानकारी हेतु अभ्यर्थी आवश्यकतानुसार विश्वविद्यालय से भी सम्पर्क कर सकते हैं। सम्पर्क सूत्र/Helpline Number: 011-46060503/548

सहायक कुलसचिव (शैक्षणिक)

प्रतिलिपि सूचनार्थः

1. समस्त पीठ प्रमुख एवं विभागाध्यक्ष
2. निदेशक, IQAC एवं कुलानुशासक
3. पुस्तकालय अध्यक्ष (प्रभारी)
4. छात्रावास अधिष्ठाता
5. नोडल अधिकारी (Anti-Ragging)
6. सम्पर्क अधिकारी (SC/ST/OBC)
7. उपकुलसचिव (परीक्षा)
8. सिस्टम एडमिनिस्ट्रेटर
9. जन सम्पर्क सूचना अधिकारी
10. सहायक कुलसचिव (लेखा)
11. संगणक विभाग को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर प्रेषित करने तथा ऑनलाईन माध्यम से प्रवेश शुल्क जमा करवाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।
12. सम्बन्धित पंजिका एवं सूचना पट्ट

सहायक कुलसचिव (शैक्षणिक)